राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

गांधी जयन्ती और शास्त्री जयन्ती पर राज्यपाल ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की
बापू के सिद्धांतों को आत्मसात करने का किया आह्वान

जयपुर, 2 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा नमन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने शनिवार को यहां राजभवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह जैसे बापू के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। उनके सिद्धांतों का अनुसरण करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का उद्घोष देकर देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का आह्वान किया। शास्त्री जी ने अपनी सादगी और कर्तव्यनिष्ठा से राजनैतिक शुचिता और आदर्शों के उच्च मानदण्ड स्थापित किए।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

———